बाजार में खपा दीं 80 करोड़ की नकली दवाएं... आगरा में चल रही थी फैक्ट्री, मौके पर मिला 8 करोड़ का स्टॉक



उत्तर प्रदेश के आगरा में 80 करोड़ की नकली दवाइयां (Fake medicines) बाजार में खपाने का खुलासा हुआ है. यह भंडाफोड़ एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स की छापेमारी में हुआ. इस दौरान 8 करोड़ की नकली दवाइयां बरामद हुई हैं. दरअसल, टास्क फोर्स ने एक दवा फैक्ट्री में छापा मारा. यह दवा फैक्ट्री दवा माफिया विजय गोयल की थी. विजय गोयल पिछले दिनों नकली दवा बनाने के मामले में गिरफ्तार किया गया था और करीब 8 महीने तक जेल में रहा था.

जानकारी के अनुसार, विजय गोयल की 8 महीने बाद जमानत हुई थी. इसके बाद दोबारा उसने इतने बड़े पैमाने पर नकली दवाइयों का कारोबार शुरू कर दिया था. पिछले 4 महीने से विजय गोयल लगातार हिमाचल प्रदेश के चक्कर लगा रहा था. विजय गोयल को भनक नहीं थी कि टास्क फोर्स के अधिकारी उसका लगातार पीछा कर रहे हैं. नारकोटिक्स टास्क फोर्स की ट्रैकिंग के बाद नकली दवा बनाने वाली फैक्ट्री का पता चल गया

Source: https://www.aajtak.in/uttar-pradesh/story/fake-medicines-worth-80-crore-sold-in-market-agra-factory-raided-8-crore-stock-seized-lcla-strc-2082331-2024-10-27